दिनांक-02.01.2025 समय-7.10एएम

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री निवास से ई-ऑफिस क्रियान्वयन प्रणाली का किया शुभारंभ।
- भोपाल गैस त्रासदी के लगभग चालीस साल बाद यूनियन कार्बाइड का जहरीला कचरा नष्ट करने के लिए भेजा गया।
- वन और वृक्ष आवरण में मध्यप्रदेश, देश में शीर्ष स्थान पर।
- सर्द हवाओं से ठिठुरा प्रदेश, घने कोहरे के साथ हुई भोपाल सहित कई शहरों में सुबह।

ई ऑफिस मप्र

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल मुख्यमंत्री निवास से ई-ऑफिस क्रियान्वयन प्रणाली का शुभारंभ किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि मध्यप्रदेश सरकार डिजिटाइजेशन के माध्यम से आगे बढ़ना चाहती है। मुख्यमंत्री ने आशा की कि आम जनता को ई-ऑफिस से राहत मिलेगी।

बाइटः30, मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री कार्यालय सहित मुख्य सचिव अनुराग जैन ने भी मुख्य सचिव कार्यालय में ई-ऑफिस प्रणाली में कार्य प्रारंभ कर दिया है। विभिन्न विभागों द्वारा 1 जनवरी से समस्त फाइलों को ई-ऑफिस के माध्यम से संचालित किए जाने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षित भी किया गया है।

जहरीला कचरा-पीथमपुर

भोपाल गैस त्रासदी के लगभग चालीस साल बाद, यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री के जहरीले कचरे को आज स्थानांतरित कर दिया गया। 1984 में 2-3 दिसंबर की मध्यरात्रि में यूनियन कार्बाइड कीटनाशक कारखाने से अत्यधिक जहरीली मिथाइल आइसोसाइनेट गैस का रिसाव हुआ था, जिससे करीब 5 हजार 479 लोगों की मौत हो गई और हजारों लोग गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित हुए।

भोपाल के यूनियन कार्बाइड कारखाने से जहरीला अपशिष्ट बीती रात करीब 9 बजे भेजना शुरू किया गया और 337 मीट्रिक टन कचरा लेकर 12 कंटेनर इंदौर के पास पीथमपुर के लिए रवाना हुए. अपशिष्ट को कड़ी सुरक्षा और 250 किलोमीटर लंबा ग्रीन कॉरिडोर बनाकर पीथमपुर भेजा गया. कचरे से भरे कंटेनरों के आगे और पीछे 2 किलोमीटर तक यातायात रोक दिया गया. कंटेनरों के आगे और पीछे पुलिस की गाड़ियां थीं. वहीँ, अपशिष्ट को ले जाते समय 100 पुलिसकर्मी तैनात थे. यूनियन कार्बाइड के इस रासायनिक अपशिष्ट को पीथमपुर की रामकी एनवायरो कंपनी में जलाया जाएगा. गौरतलब है कि हाईकोर्ट ने 6 जनवरी तक इस जहरीले कचरे को हटाने के निर्देश दिए थे. सरकार को इस संबंध में कल 3 जनवरी को हाईकोर्ट में रिपोर्ट पेश करनी है

गैस-एलपीजी कीमतें कटौती

एलपीजी कमर्शियल-गैस सिलेंडरों की कीमत में 14 रुपए 50 पैसे की कटौती की गई है। अब 19 किलो वाले सिलेंडर की कीमत दिल्ली में एक हजार आठ सौ चार रुपये, मुंबई में एक हजार सात सौ 56 रुपये, कोलकाता में एक हजार नौ सौ 11 रुपये और चेन्नई में एक हजार नौ सौ 66 रुपये होगी। हालांकि, घरेलू रसोई गैस की 14 दशमलव दो किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमतें आठ सौ तीन रुपये ही बनी रहेंगी।

शिवराज-किसान

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि नरेंद्र मोदी सरकार ने नया साल किसानों को समर्पित किया है। नई दिल्ली में पत्रकारों को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने कल कहा कि सरकार ने किसानों के कल्याण के लिए तीन बड़े फैसले लिए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना को 2025-26 तक जारी रखने तथा डीएपी उर्वरकों पर अतिरिक्त सब्सिडी बढ़ाने को मंजूरी दी।

प्रदेश वन

मध्यप्रदेश, देश में वन और वृक्ष आवरण में शीर्ष स्थान पर बना हुआ है। प्रदेश कुल वन और वृक्ष आवरण 85 हजार 724 वर्ग किलोमीटर के साथ देश का अग्रणी राज्य है। प्रदेश में 30 दशमलव 7-2 प्रतिशत वन क्षेत्र है जो देश के कुल वन क्षेत्र का 12 दशमलव 3-0 प्रतिशत है।

यहां कुल वन क्षेत्र 4 लाख 68 हजार 900 हेक्टेयर है। प्रदेश में 24 अभयारण्य, 11 नेशनल पार्क और 8 टाईगर रिजर्व हैं. हाल ही में राजधानी भोपाल से सटे रातापानी अभयारण्य को प्रदेश का 8वां टाईगर रिजर्व घोषित कर दिया गया है। घड़ियाल, गिद्धों, भेड़ियों, तेंदुओं और भालुओं की संख्या में भी प्रदेश देश में अग्रणी है।

छात्रवृत्ति एवं प्रोत्साहन राशि

महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा है कि नव वर्ष से मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत पंजीकृत पात्र बालिकाओं को छात्रवृत्ति एवं प्रोत्साहन राशि का भुगतान न्छप्च्।ल् के माध्यम से किया जायेगा। यह व्यवस्था लागू हो जाने से अब छात्रवृत्ति एवं प्रोत्साहन राशि का भुगतान बालिका के खाते में सीधे हो सकेगा। भुगतान की सूचना भी मोबाईल में एसएमएस से बालिका को प्राप्त हो सकेगी। मुख्यमंत्री लाडली लक्ष्मी योजना में बालिका को कक्षा 6, कक्षा 9, कक्षा 11 एवं कक्षा 12 में छात्रवृत्ति देने एवं स्नातक प्रथम एवं अंतिम वर्ष में प्रोत्साहन राशि दिये जाने का प्रावधान है।

मौसम

सर्द हवाओं से प्रदेश ठिठुर रहा है। आलम यह है कि दिन में भी कंपकंपी छूट रही है। वहीं भोपाल सहित कई शहरों में सुबह घने कोहरे के साथ हो रही है। आज भोपाल, उज्जैन और शाजापुर में इतना घना कोहरा था कि विजिबिलिटी 50 मीटर ही रह गई थी। मौसम विभाग की माने तो अगले 3 दिन ऐसी ही ठंड पड़ेगी। आज भी भोपाल, जबलपुर-ग्वालियर समेत 14 जिलों में शीतलहर का अलर्ट है। वर्तमान में जम्मू, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, लद्दाख में बर्फबारी हो रही है। जिससे प्रदेश में सर्द हवाएं आ रही हैं। आने वाले दिनों में बर्फ पिघलेगी। जिससे हवा की रफ्तार तेज होगी और प्रदेश में ठंड का असर बढ़ जाएगा।

राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता

स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह आज 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024-25 का शुभारंभ करेंगे। शुभारंभ समारोह दोपहर एक बजे भोपाल के शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में होगा। इसमें हॉकी अंडर-14 बालक और शूटिंग अंडर-14-19 बालक-बालिका वर्ग की स्पर्धाएं होंगी। राष्ट्रीय प्रतियोगिता 2 से 7 जनवरी तक चलेगी। राष्ट्रीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन लोक शिक्षण, स्कूल शिक्षा विभाग कर रहा है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- पन्ना के इन्द्रपुरी कॉलोनी में वन विभाग द्वारा छापामार कार्यवाही कर अवैध रूप से संग्रहित इमारती सागौन लकड़ी जप्त कर वन अपराध का प्रकरण दर्ज किया गया है।
- कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, मंत्रालय और जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज झाबुआ में संयुक्त रूप से "युवा संगम" कार्यक्रम के अन्तर्गत रोजगार, स्वरोजगार और अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन गया।
- आगरमालवा जिले में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के अन्तर्गत ग्राम पंचायत लालाखेड़ी, गाता, चकबड़ाबीड़, घुराशिया, लाडोन, खेजड़ाखेड़ी, जमुनिया बड़ौद, गोयल में शिविर आयोजित कर शासन की योजनाओं में वंचित व्यक्तियों का लाभान्वित किया गया।
- खंडवा जिले में आज रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेलों का आयोजन शासकीय आई.टी.आई. में प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक किया जा रहा है।
- सीएमएचओ कार्यालय द्वारा नया साल मनाने की अनूठी पहल की गई। जिसके तहत साल के पहले दिन, श्रमिक पीठों पर विशेष कैंपो का आयोजन किया गया।
- नए साल के पहले दिन भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने भोपाल के ग्रामीण अंचलों का दौरा कर अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों के खिलाफ एक्शन लिया।
- राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एन.जी.टी.) की प्रिंसिपल बैंच के सदस्य डॉ. अफरोज अहमद की अध्यक्षता में कल कलेक्टर कार्यालय में जिला पर्यावरण योजना और अन्य पर्यावरणीय मुद्दों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई है।

- मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी द्वारा वसुधैव कुटुम्बकम और उर्दू साहित्य विषय पर आधारित जश्ने उर्दू 4, 5 और 6 जनवरी को गौहर महल भोपाल में किया जा रहा है। संस्कृति, पर्यटन धार्मिक एवं धर्मस्व मंत्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी, मंत्री मुख्यअतिथि होंगें।
- बालाघाट में श्रीमती भारती पारधी की अध्यक्षता में  जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति की बैठक आयोजित हुई।
- रायसेन में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन आज रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय बांगरसिया में किया जाएगा। यह युवा उत्सव, रायसेन जिले के 15 से 29 वर्ष की आयु के युवाओं के लिए  सामाजिक, सांस्कृतिक एंव साहित्यिक प्रतिभा का प्रदर्शन करने का मंच प्रदान करेगा।

-------------

न्यूज फॉर हिन्दी वैब -

(1) ई ऑफिस मप्र

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल मुख्यमंत्री निवास से ई-ऑफिस क्रियान्वयन प्रणाली का शुभारंभ किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि मध्यप्रदेश सरकार डिजिटाइजेशन के माध्यम से आगे बढ़ना चाहती है। मुख्यमंत्री ने आशा की कि आम जनता को ई-ऑफिस से राहत मिलेगी।
बाइटः30,  मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री कार्यालय सहित मुख्य सचिव अनुराग जैन ने भी मुख्य सचिव कार्यालय में ई-ऑफिस प्रणाली में कार्य प्रारंभ कर दिया है। विभिन्न विभागों द्वारा 1 जनवरी से समस्त फाइलों को ई-ऑफिस के माध्यम से संचालित किए जाने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षित भी किया गया है।

(2) जहरीला कचरा-पीथमपुर

भोपाल गैस त्रासदी के लगभग चालीस साल बाद, यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री के जहरीले कचरे को आज स्थानांतरित कर दिया गया। 1984 में 2-3 दिसंबर की मध्यरात्रि में यूनियन कार्बाइड कीटनाशक कारखाने से अत्यधिक जहरीली मिथाइल आइसोसाइनेट गैस का रिसाव हुआ था, जिससे करीब 5 हजार 479 लोगों की मौत हो गई और हजारों लोग गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित हुए।

भोपाल के यूनियन कार्बाइड कारखाने से जहरीला अपशिष्ट बीती रात करीब 9 बजे भेजना शुरू किया गया और 337 मीट्रिक टन कचरा लेकर 12 कंटेनर इंदौर के पास पीथमपुर के लिए रवाना हुए. अपशिष्ट को कड़ी सुरक्षा और 250 किलोमीटर लंबा ग्रीन कॉरिडोर बनाकर पीथमपुर भेजा गया. कचरे से भरे कंटेनरों के आगे और पीछे 2 किलोमीटर तक यातायात रोक दिया गया. कंटेनरों के आगे और पीछे पुलिस की गाड़ियां थीं. वहीँ, अपशिष्ट को ले जाते समय 100 पुलिसकर्मी तैनात थे. यूनियन कार्बाइड के इस रासायनिक अपशिष्ट को पीथमपुर की रामकी एनवायरो कंपनी में जलाया जाएगा. गौरतलब है कि हाईकोर्ट ने 6 जनवरी तक इस जहरीले कचरे को हटाने के निर्देश दिए थे. सरकार को इस संबंध में कल 3 जनवरी को हाईकोर्ट में रिपोर्ट पेश करनी है

(3) प्रदेश वन

मध्यप्रदेश, देश में वन और वृक्ष आवरण में शीर्ष स्थान पर बना हुआ है। प्रदेश कुल वन और वृक्ष आवरण 85 हजार 724 वर्ग किलोमीटर के साथ देश का अग्रणी राज्य है। प्रदेश में 30 दशमलव 7-2 प्रतिशत वन क्षेत्र है जो देश के कुल वन क्षेत्र का 12 दशमलव 3-0 प्रतिशत है। यहां कुल वन क्षेत्र 4 लाख 68 हजार 900 हेक्टेयर है। प्रदेश में 24 अभयारण्य, 11 नेशनल पार्क और 8 टाईगर रिजर्व हैं. हाल ही में राजधानी भोपाल से सटे रातापानी अभयारण्य को प्रदेश का 8वां टाईगर रिजर्व घोषित कर दिया गया है। घड़ियाल, गिद्धों, भेड़ियों, तेंदुओं और भालुओं की संख्या में भी प्रदेश देश में अग्रणी है।

(4) मौसम

सर्द हवाओं से प्रदेश ठिठुर रहा है। आलम यह है कि दिन में भी कंपकंपी छूट रही है। वहीं भोपाल सहित कई शहरों में सुबह घने कोहरे के साथ हो रही है। आज भोपाल, उज्जैन और शाजापुर में इतना घना कोहरा था कि विजिबिलिटी 50 मीटर ही रह गई थी। मौसम विभाग की माने

तो अगले 3 दिन ऐसी ही ठंड पड़ेगी। आज भी भोपाल, जबलपुर-ग्वालियर समेत 14 जिलों में शीतलहर का अलर्ट है। वर्तमान में जम्मू, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, लद्दाख में बर्फबारी हो रही है। जिससे प्रदेश में सर्द हवाएं आ रही हैं। आने वाले दिनों में बर्फ पिघलेगी। जिससे हवा की रफ्तार तेज होगी और प्रदेश में ठंड का असर बढ़ जाएगा।

(5) राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता

स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह आज 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024-25 का शुभारंभ करेंगे। शुभारंभ समारोह दोपहर एक बजे भोपाल के शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में होगा। इसमें हॉकी अंडर-14 बालक और शूटिंग अंडर-14-19 बालक-बालिका वर्ग की स्पर्धाएं होंगी। राष्ट्रीय प्रतियोगिता 2 से 7 जनवरी तक चलेगी। राष्ट्रीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन लोक शिक्षण, स्कूल शिक्षा विभाग कर रहा है।

-----------------------------------